सार-समाचार

मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष ने कोतवाली थाने का निरीक्षण किया

अलवर (निसं)। राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गंगाराम मूलचंदानी ने गुरुवार को अलवर शहर कोतवाली थाने का निर्धारित निरीक्षण किया। इस दौरान थाने में दिव्यांगजनों के आवागमन के लिए रैंप की सुविधा नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल रैंप बनवाने के निर्देश दिए। आयोग अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस थानों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ सुगम आवागमन की व्यवस्था होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान थाने में पेयजल के लिए आरओ, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाएं साफ-सुथरी एवं संतोषजनक मिलीं। निरीक्षण के समय थाने में कोई गिरफ्तार व्यक्ति भी मौजूद नहीं था। इससे पहले आयोग अध्यक्ष ने जेल का निरीक्षण किया था। वहां कुछ कैदियों को पेशी की तारीख की जानकारी नहीं होने तथा उपचार संबंधी छोटी-मोटी कमियां सामने आई थीं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने एडिशनल एसपी और सीओ से चर्चा कर पुलिस कांस्टेबलों के रहने के स्थान, बेड और पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, अनुसंधान अधिकारियों के बैठने के कमरों में कोई विशेष समस्या सामने नहीं आई।

महाकाल मंदिर में अन्नकूट महोत्सव 15 नवंबर को

अलवर (निसं)। स्थानीय आर्य नगर में बाल भारती स्कूल के पीछे केशव वाटिका पार्क स्थित महाकाल मंदिर में 15 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा। श्रद्धालु सुरेश कुमार अग्रवाल एवं गौरी शंकर ने बताया कि इस अवसर पर महाकाल शिव मंदिर में गिर्राज महाराज की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। कार्यक्रम में अलवर नगर निगम की महापौर सुमन लता अग्रवाल का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान भोले बाबा को अन्नकूट का भोग लगाया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

विदेश से एमबीबीएस कर प्रथम प्रयास में एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण की

कोटपूतली (निसं)। कठिन परिश्रम, अटूट लगन और बुलंद हौसलों के दम पर कस्बे के अमाई निवासी विनीत पुत्र जयराम कसाना ने चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हांसिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विनीत ने कजाकिस्तान की प्रतिष्ठित सेमेय मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने के बाद भारत की सबसे कठिन और प्रतिष्ठित चिकित्सा परीक्षाओं में से एक एफएमजीई (फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन) परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साईंसेज द्वारा अक्टूबर 2026 में आयोजित इस परीक्षा में विनीत की इस सफलता ने ना केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अब विनीत भारत में एक पंजीकृत डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए पूरी तरह पात्र हो गए हैं। विनीत कसाना की उपलब्धि के उपलक्ष्य में बुधवार को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सुप्रसिद्ध अशोका कोचिंग संस्थान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन शंकर लाल कसाना, निदेशक इंजी. विक्रम कसाना, इंजी. राजेश चौधरी, इंजी. योगेश चौधरी व एसीबीईओ पूरण चंद कसाना सहित कई गणमान्य नागरिकों ने विनीत का स्वागत-अभिनंदन किया।

जीवन में कभी किसी की चुगली नहीं करें : सुन्दर सागर

निवाई(निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ का पिच्छिका परिवर्तन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें 20 जैन साधु साध्वियों का पिच्छिका परिवर्तन हुआ। चातुर्मास कमेटी के विष्णु बोहरा ने बताया कि पिच्छिका परिवर्तन समारोह का मंगलाचरण बालिकाओं द्वारा किया गया। इस दौरान आचार्य सुन्दर सागर महाराज संघ में विराजमान सभी जैन साधु साध्वियों को श्रद्धालुओं ने नवीन पिच्छिका भेंट की। आचार्य सुन्दर सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिच्छिका दिगम्बर जैन सन्तों का संयम का उपकरण है। जैन धर्म के अनुसार दिगम्बर जैन साधु साधुओं के पास सिर्फ संयम का उपकरण पिच्छी कमंडलु ही रहते हैं, जो जीवों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि दिगम्बर साधु वही बन सकता है, जो निर्मल भावों को जगाता है। उन्होंने कहा कि यदि आप वात्सल्य, प्रेम व संगठन चाहते हैं, तो जीवन में कभी किसी की चुगली नहीं करें। कार्यक्रम का संचालन लब्धि दीदी, प्राप्ति दीदी एवं वंशिका दीदी ने किया।

विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

भरतपुर (निसं)। पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने नगर निगम में चल रहे फर्जी पट्टा प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ ही एसीबी से पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग की है। पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने इस मामले में एसीबी जांच कराने की मांग पर जोर दिया है। विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने कहा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संवेदनशील है एवं जीरो टॉलरेंस सरकार की नीति है जिसके तहत वे इस मामले में कार्यवाही कराएंगे एवं वे स्वयं भी सीएम से मिलकर इस मामले में चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा है कि नगर निगम में फर्जी तरीके से पट्टों का जारी होना एक गंभीर और चिंताजनक विषय है। चाहे किसी भी समय या किसी के भी कार्यकाल में फर्जी पट्टे बने हों, उसकी उच्चस्तरीय और विशेष जांच होनी चाहिए। विधायक ने बताया कि वे पहले भी इस मामले में सरकार से जांच की मांग कर चुके हैं। इस फर्जीवाड़े में जो भी निगम के अधिकारी, राजनेता या कर्मचारी शामिल हैं, उन सभी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही अब तक जितने भी पट्टे जारी किए गए हैं, उन सभी की वैधता की जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने फर्जी पट्टा प्रकरण की जांच का दायरा बढ़ाकर असली चेहरों को सामने लाने की बात कही गई है। उन्होंने निगम द्वारा जारी किए गए दो दर्जन से अधिक पट्टे फर्जी तरीके से जारी होने के बावजूद दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

अलवर : जिला कलक्टर ने मत्स्य उत्सव की तैयारियों के संबंध में बैठक ली

अलवर (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट सभागार में मत्स्य उत्सव-2026 की तैयारयों के संबंध में बैठक लेकर आमजन की सहभागिता से मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों एवं गतिविधयों को सम्पादित कराने के साथ उत्सव को भव्य एवं आकर्षण का केंद्र बनाने के निर्देश दिये।



जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में मत्स्य उत्सव के संबंध में बैठक ली।

■ जन सहभागिता से मत्स्य उत्सव के कार्यक्रमों एवं गतिविधयों को भव्य एवं आकर्षण का केंद्र बनाने के दिए निर्देश

जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि 25 से 28 नवंबर तक आयोजित होने वाले मत्स्य उत्सव-2026 को भव्यता एवं आकर्षण प्रदान करने के लिए आपसी समन्वय से विविध गतिविधियों व कार्यक्रमों का समावेश करते हुए यथासमय समुचित तैयारी सुनिश्चित करें, ताकि उत्सव में अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को मत्स्य उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन एवं पार्किंग के समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि मत्स्य उत्सव के दौरान शहर की साफ-सफाई पर विशेष फोकस करें।

उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर को प्रात: 5:30 बजे से श्री जगन्नाथ जी मंदिर में महा आरती कार्यक्रम के साथ मत्स्य उत्सव का आगाज होगा। इसके पश्चात प्रात: 7 बजे से कम्पनी गार्डन में योगा फॉर ऑल का आयोजन होगा, प्रात: 9 बजे से बायोडायवर्सिटी पार्क में नेचर वॉक एवं वन विभाग से संबंधित गतिविधियों का आयोजन एवं कम्पनी बाग में सांय 6 बजे से पोल मलखंब व सांय 7 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी प्रकार 26 नवम्बर को प्रात: 7:30 बजे से नेहरू गार्डन से प्रताप बंध नाका तक साइकिल रैली का आयोजन, प्रात: 10 बजे से आरआर कॉलेज में मेहंदी-पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता, प्रात: 11:30 बजे से आरआर कॉलेज में मूविंग कलाकारों का प्रदर्शन एवं सांय 7 बजे से महल चौक म्यूजिकल नाइट का आयोजन होगा। वहीं 25 व 26 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से मोती डूंगरी पर स्टार गेजिंग का आयोजन होगा।

27 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से होप सर्कस से मूसीरानी की छतरी तक हैरिटेज वॉक का आयोजन, सांय 3 बजे से होप सर्कस से सागर जलाशय तक शोभायात्रा, सांय 6 बजे से सागर जलाशय पर दीपमाला का आयोजन एवं सांय 7 बजे से महल चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी प्रकार 28 नवम्बर को प्रात: 9:30 बजे से कम्पनी बाग में फ्लावर शो का आयोजन व इसी स्थान पर प्रात: 10 बजे से (डॉग, कैट, बर्ड, एग्जोटिक एनिमल्स) पेट एनिमल शो का आयोजन एवं दोपहर 1 बजे से भानगढ में लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

बिजयनगर में बदहाल हुई यातायात व्यवस्था

बिजयनगर,(निसं)। शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था से त्रस्त नागरिको का सब्र टूटने लगा है। शहर के मुख्य पीपली चौराहा पर दिन में कई बार लगने वाले जाम से परेशान नागरिकों ने कई बार उच्च अधिकारियों को इस संदर्भ में शिकायत किए जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से शहर के हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ रहे हैं। शहर की नगर पालिका एव प्रशासन मैं हुए बदलाव के पश्चात नागरिकों में शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जगी थी पालिका अध्यक्ष ममता मोदी ने भी शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही थी लेकिनअभी तक कोई क्रियान्वित्ती नहीं होने से शहर के हालात बद से बदत्तर होते जा रहे हैं। पीपली चौराहे के समीप चारो और खडे वाहन व्यापारियों द्वारा किये जाने तय सीमा से अधिक अतिक्रमण ने शहर की यातायात व्यवस्था को पूर्णतया बदहाल स्थिति में लाकर खडा कर दिया है।

बिरसा मुंडा जयंती पर होगा कार्यक्रम

करौली (निसं)। भाजपा के जिला कार्यालय पर भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मोतीलाल ने कहा कि 15 नवंबर 2026 को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151 वीं जयंती है जिसे देश जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाता है यह कार्यक्रम भाजपा के द्वारा 11 नवंबर से लेकर 23 नवंबर तक हर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र विधानसभा मंडल में मनाया जाएगा। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए कहां कि भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को आधुनिक झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू में हुआ।

अंतिम प्रशिक्षण के बाद आज रवाना होंगे मतदान दल

टोंक (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिए जिले में मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दल आज शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय टोंक से अंतिम प्रशिक्षण के उपरांत संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगें। मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया, ईवीएम के संचालन तथा निर्वाचन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद दलों को निर्वाचन सामग्री एवं निर्धारित व्यवस्थाओं के साथ संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 हजार 641 मतदान कार्मिक, 414 मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएगें।

■ 'प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई'

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) टीना डाबी ने अंतिम प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कार्मिकों को पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण की निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया हैं।

नवनिर्वाचित सरपंच मनोज चौधरी का पदभार ग्रहण समारोह आज

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत बसई के नवनिर्वाचित सरपंच मनोज चौधरी शुक्रवार को 'सशक्त बसई-समर्थ बसई' के विजन के साथ प्रात: 09:15 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में विधिवत् रूप से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इस भव्य समारोह को लेकर पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह व उत्सव जैसा माहौल है। यह आयोजन बलराम दास महाराज एवं प्रेमनाथ महाराज के पावन संत सान्निध्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ व पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह यादव शिरकत करेगें।

■ मर्चेंट नेवी के वैश्विक अनुभव और उच्च शिक्षा संगम के साथः बसई की तस्वीर बदलने का संकल्प, जनसेवा के ध्येय के साथ करेगें नई शुरुआत

इस अवसर पर नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत टीम के रूप में ग्राम सचिव दिलीप कुमार शर्मा, उपसरपंच पुष्पा देवी सहित वार्ड पंच मनीषा देवी, जयमल गोठवाल, पुष्पा, कविता बाई, मीना देवी, सुगन चन्द मीणा, महेश चन्द जाट, सुभाष चन्द व विनोद भी मौजूद रहकर गांव के विकास का संकल्प लेंगे। नवनिर्वाचित सरपंच मनोज चौधरी ने कहा कि यह जीत बसई के स्वाभिमान, अस्मिता और प्रत्येक नागरिक के अटूट विश्वास की जीत है। उन्होंने समस्त बुजुर्गों, माताओं-बहनों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों से ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंचकर इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने और अपना आशीर्वाद प्रदान करने की विनम्र अपील की है।

पावटा क्षेत्र में नशे का बेखौफ कारोबार, नशे के फैले जाल से युवा पीढ़ी बर्बाद

पावटा (निसं)। कस्बा क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार बेखौफ तरीके से फल-फूल रहा है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थिति यह है कि नशे का यह जाल अब केवल गलियों तक सीमित न रहकर धार्मिक स्थलों के परिसर तक फैल चुका है। क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गांव के लोगों का आरोप है कि गांव के चौक-चौराहों, गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से नशीले पदार्थों की बिक्री चल रही है। शाम होते ही कुछ स्थानों पर शराब बिक्री के कथित अड्डों में आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचते हैं। आरोप है कि कुछ लोगों की मिलीभगत और संरक्षण से यह कारोबार फल फूल रहा है। नशे के कारोबार को लेकर पहले भी पुलिस कार्रवाई हो चुकी है। एसपी सतवीर सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी भजनाराम के कार्यकाल में कार्रवाई कर कई आरोपितों को पकड़ा गया था। कुछ समय तक स्थिति नियंत्रित रही, लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि अब नशे की गतिविधियां फिर बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि गांव में नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता का सबसे ज्यादा असर किशोरों और युवाओं पर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नशे का असर केवल गलियों और सार्वजनिक स्थानों तक सीमित नहीं है। धार्मिक स्थलों के आसपास इस तरह की गतिविधियों से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि कार्रवाई कुछ दिनों तक सीमित रहने के बजाय लगातार होनी चाहिए।

सीकर जिले में 21 लाख 93 हजार 228 मतदाता

सीकर, (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (-2027) के तहत गुरुवार को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष मोदी ने बताया कि सीकर जिले में प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार कुल 21 लाख 93 हजार 228 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें पुरुष 1153131, महिला 1040078 तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 19 है। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही जिले के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियां संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में उपलब्ध करवाई गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूचीवेबसाइट://...पर भी ऑनलाइन उपलब्ध है। कोई भी मतदाता ऑनलाइन अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकता है। इसके अतिरिक्त सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के पास संबंधित बूथ की प्रारूप मतदाता सूची की हार्ड कॉपी उपलब्ध रहेगी।

■ जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष मोदी ने दी जानकारी

निवाई : तहसील कार्यालय के राजस्व रिकॉर्ड में तीसरी बार लगी आग

निवाई (निसं)। कस्बे में स्थित पुरानी तहसील कार्यालय के राजस्व रिकॉर्ड में गुरूवार को सुबह करीब 10:30 बजे तीसरी बार अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिसमें राजस्व रिकॉर्ड जलकर राख हो गया। गुरूवार को सुबह जब आसपास के लोगों ने तहसील भवन की खिड़कियों से धुआं व लपटें उठती देखीं, तो उन्होंने फायर स्टेशन पर घटना की सूचना दी। सूचना पर अग्निशमन केंद्र के फायरमैन देवनारायण गुर्जर, धोलूराम मीणा, लक्ष्मीनारायण गुर्जर व प्रहलाद यादव ने तत्परता दिखाते हुए दमकल के साथ घटनास्थल पहुंचे।



पुरानी तहसील कार्यालय में आग में राख हुआ राजस्व रिकॉर्ड।

तहसील कार्यालय तक जाने वाले रास्ते संकरे व तंग होने के कारण भारी अग्निशमन वाहन को अवरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने तुरंत प्रभाव से हौज पाइप को फैलाया और कड़ी मशक्कत के बाद पानी की बौछारें शुरू कर आग पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। पटवारी विरेन्द्र गुर्जर ने बताया कि आग में तहसील कार्यालय में रखी वर्ष 1991 की पुरानी राजस्व फाइलें, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्रों के अभिलेख सहित कई आवश्यक रसीदें जलकर नष्ट हो गई हैं।

तीन माह में 3.87 करोड़ का कैशलेस भुगतान

कोटा, (निसं)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में रेल टिकट खरीदने के लिए डिजिटल भुगतान की सुविधा सुचारू रूप से उपलब्ध है, रेलवे द्वारा यात्रियों को यूपीआई, क्यूआर कोड एवं अन्य डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। अगस्त से अक्टूबर माह के दौरान मंडल में अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) एवं ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीनों (एटीवीएम) के माध्यम से कुल 3,87,04,925 का डिजिटल भुगतान हुआ। इस अवधि में डिजिटल माध्यमों से 2,76,181 टिकट जारी किए गए, जिन पर 5,39,835 यात्रियों ने यात्रा की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि अक्टूबर माह में डिजिटल भुगतान के माध्यम से 85,912 टिकट जारी किए गए, जिन पर 1,67,665 यात्रियों ने यात्रा की तथा 1,18,36,555 का भुगतान प्राप्त हुआ।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम शोभा देवी से बदलकर शोभा देवी गुप्ता कर लिया है। शोभा देवी गुप्ता पत्नी सतीश कुमार गुप्ता निवासी B-18, गिरधर कॉलोनी, खेड़ा महापुरा, सीकर रोड, मुरलीपुरा, जयपुर-302039, भविष्य में मुझे शोभा देवी गुप्ता के नाम से जाना जावे।

मैं घनश्याम दास मिश्रा निवासी 129/12 लक्ष्मी नारायण मंदिर, हाथी भाटा, राम गली, अजमेर (राज.) घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी (ऐश्वर्या मिश्रा) के दस्तावेजों में मेरा नाम गलती से घनश्याम दास दर्ज हो गई है, मेरा सही नाम घनश्याम दास मिश्रा है। द्वारा शपथ पत्र 02.11.2026 जयपुर

मैं, झाबर मल पुत्र श्री बंशीधर बलाई, निवासी 3 बलाइयों का मोहल्ला, अखेपुरा, सीकर, राजस्थान-332402, ने अपना नाम परिवर्तित कर श्रवण सिंह (SHARVAN SINGH) रख लिया है। भविष्य में मुझे श्रवण सिंह (SHARVAN SINGH) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। इस संबंध में राजपत्र दिनांक 27. 08.2026 में नाम परिवर्तन प्रकाशित है।

I Sumaran Singh Father of No 15232847N Rank Nk (OpR) Name-Gurjar Pawan Singh Sumaran Singh Vill- Akabarpur, PO-Shri Mahabirji, Teh- Hindaun City, Dist-Karauli PIN- 322220, Have Change my Name is Sumaran Singh to Sumaran Singh Gurjar Vide Affidavit No-FH0021681375, And Dob is 01.04.1965 to 01.01.1965 Vide Affidavit No-FH0021681378 Dated 12.11.26 Notary Public Jaipur Raj.

I Gurjar Rajanti Devi mother of No 15232847N Rank Nk (OpR) Name-Gurjar Pawan Singh Sumaran Singh Vill- Akabarpur, PO-Shri Mahabirji, Teh- Hindaun City, Dist-Karauli PIN- 322220, Have Change my Name is Gurjar Rajanti Devi to Rajanti Devi Vide Affidavit No-FH0021681376, And Dob is 03.08.1970 to 01.01.1967 Vide Affidavit No-FH0021681374, Dated 12.11.26 Notary Public Jaipur Raj.

खोया पाया

मैं राजेश वर्मा शपथ बयां करता हूँ कि मैं मेरी पत्नी के प्लाट नं. 78 बी श्रीराम कॉलोनी बी-2 बायपास का मूल शपथ पत्र मय फोटोकॉपी को श्रीराम कॉलोनी विकास समिति के सचिव से लेकर बी-2 बायपास से होते हुए अपने घर आ रहा था। जिसके दौरान वह रास्ते मे खो गए। जिनको शुन्य समझा जाए। जो मिले तो मो. 9784000171 पर सूचित करें।

आम सूचना

मैं, पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र स्व. श्री प्रमोद कुमार, उम्र- 42 वर्ष, जाति- स्वर्णकार, निवासी- गुदडी मोहल्ला, सुनार गली, कस्बा कुम्हेर, तहसील- कुम्हेर, जिला- डीग (राजस्थान), सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री एंजिल उर्फ कन्नु उम्र 18 वर्ष गलत लोगों की संगत में पड़ गई है। वह आये दिन गलत लोगों के साथ रहती है तथा मेरे व मेरे परिवारजनों के कहने में नहीं है और ना कहना मानती है। उसको मैं कई बार समझा चुका हूँ किन्तु वह मेरा कहना नहीं मानती है, पूर्व में भी मेरी पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई थी, जिसकी बाबत मेरे द्वारा दिनांक 19.06.2026 को एफ.आई.आर. संख्या 197/2026 थाना सदर, जयपुर में दर्ज कराई जा चुकी है। इसके बावजूद उसकी गतिविधियों एवं आचरण में कोई सुधार नहीं आया है। अतः मैं इस आम सूचना के माध्यम से अपनी पुत्री एंजिल उर्फ कन्नु को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का मेरी पुत्री से कोई संबंध/सरोकार नहीं रहेगा। यदि मेरी पुत्री कोई गलत कार्य करती है, किसी प्रकार का लेन-देन करती है, कोई अपराध कारित करती है, अथवा किसी मुकदमेबाजी में फंसती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। उससे मेरे या मेरे परिवार का कोई लेन-देन या कानूनी दायित्व नहीं होगा।

पुष्पेन्द्र कुमार
दिनांक: 12.11.2026 मो. 9414584427

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा आमन्त्रण

निविदा स.: 39, **कार्य का नाम एवं स्थान:** Parcel Handling work Jodhpur Station, **कार्य की अनुमानित लागत दो वर्ष के लिए:** Rs 1,37,18,160/-, **बयाना राशि:** Rs. 2,20,000/-, **1.** पता जहाँ से निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है: जीईएम (GeM) पोर्टल, **2.** टेंडर में भाग लेने हेतु अंतिम समय व दिनांक: दिनांक 26.11.2026 को 14.00 बजे तक, **3.** निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक 27.11.2026 को 14.00 बजे, **4.** वैबसाईट जहाँ से निविदा के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है: http://www.gem.gov.in

1623-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नम्बर मिलाइए 8890333139



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

स्मार्ट पुलिसिंग में बूंदी पुलिस प्रदेश में टॉप-10 में

बूंदी, (निसं)। राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी स्मार्ट पुलिसिंग रैंकिंग में हाड़ौती संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। इस रैंकिंग में कोटा ग्रामीण पुलिस ने 97.36 अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं बूंदी पुलिस ने भी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रदेश की टॉप-10 सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। बूंदी पुलिस की इस सफलता को जिले में तकनीक आधारित पुलिसिंग, प्रशासनिक सुधार और जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अवनीश शर्मा के निर्देशन में जिले की पुलिस व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने, प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण तथा न्यायिक प्रक्रिया में डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस की कार्यप्रणाली में तकनीकी संसाधनों के समावेश से न केवल विभागीय कार्यों में गति आई है, बल्कि पारदर्शिता और कार्यक्षमता बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।

डिजिटल तकनीक से बदल रहा पुलिसिंग का स्वरूप: वर्तमान दौर में पुलिसिंग का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अपराधों की जांच और कार्रवाई अब पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन प्रणालियां पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी हैं।

धार्मिक स्थल के पास बना अस्थायी डंपिंग यार्ड बना मुसीबत, खुले में डाला जा रहा कचरा

पावटा (निसं)। धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने के दावे उस समय खोखले नजर आने लगते हैं, जब आस्था के केंद्रों के नजदीक ही गंदगी के ढेर लगा दिए जाएं। ऐसा ही मामला धार्मिक स्थल के पास बनाए गए अस्थायी डंपिंग यार्ड का सामने आया है, जो अब स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का बड़ा कारण बनता जा रहा है। यहां कचरा डालने के लिए न तो कोई उचित सुरक्षा व्यवस्था है और न ही तारबंदी की गई है। इतना ही नहीं, कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण की भी कोई पुख्ता व्यवस्था नजर नहीं आ रही है।

ऐसे में खुले में पड़ा कचरा आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि डंपिंग यार्ड के आसपास सुरक्षा के लिए तारबंदी तक नहीं की गई है। खुले में कचरा बिखरा रहने से दुर्गंध फैल रही है। वहीं, हवा के साथ कचरा आसपास के क्षेत्र में फैलने और आवारा पशुओं के पहुंचने की आशंका बनी रहती है। कचरे का नियमित निस्तारण नहीं होने से स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। इससे संक्रमण, मच्छर-मक्खियों और अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर के नजदीक ही कचरे के ढेर और गंदगी देखकर उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। जिस स्थान पर स्वच्छ और शांत वातावरण होना चाहिए, वहां डंपिंग यार्ड के कारण बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। एक ओर नगरपालिका प्रशासन स्वच्छता व्यवस्था को लेकर अभियान चलाने और शहर को साफ-सुथरा बनाने के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर खुले में कचरा डालने और उसके निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर धार्मिक स्थल के पास बिना तारबंदी और बिना उचित निस्तारण व्यवस्था के डंपिंग यार्ड संचालित करने की अनुमति कैसे दी गई? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इससे होने वाली परेशानियों की जानकारी नहीं है? स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक स्थल के पास बनाए गए अस्थायी डंपिंग यार्ड को तत्काल हटाया जाए।



धार्मिक स्थल के पास बनाए गए अस्थायी डंपिंग यार्ड में गौवंशों का जमावड़ा।

■ ना सुरक्षा के इंतजाम, ना कचरे के निस्तारण की व्यवस्था, दुर्गंध और गंदगी से श्रद्धालु व आमजन परेशान, लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़